17286

No. of Printed Pages : 12

**ANC-01**

# BACHELOR'S DEGREE PROGRAMME

## Term-End Examination

## December, 2014

## (APPLICATION ORIENTED PROGRAMME)

## ANC-01 : NUTRITION FOR THE COMMUNITY

*Time : 3 hours* *Maximum Marks : 100*

***Note :*** *Question No. 1 is* ***compulsory****. Attempt* ***five*** *questions in all. All questions carry equal marks.*

**1.** (a) Explain the following in 2 – 3 sentences each : *10*

(i) Enzyme

(ii) Extracellular fluid

(iii) Indian Reference Woman

(iv) Gelatinisation

(v) Lathyrism

(b) Fill in the blanks : *10*

(i) Massive dose of vitamin A provided under the National Prophylaxis Programme for prevention of nutritional blindness is ________ I.U. per child.

(ii) MUAC less than ________ cm indicates severe malnutrition.

(iii) ____________ is the legal arrangement whereby a person promises to give up possession of goods or property if he is unable to pay back his/her debt.

(iv) To partially cook by dipping in boiling water for few seconds to two minutes is called __________ .

(v) __________ is the process whereby nutrients move from the intestine to the blood.

(vi) The main function of protein is __________ .

(vii) A rich source of cholesterol is ___________ .

(viii) Vitamin K helps in the formation of __________, which is essential for blood clotting.

(ix) A meal plan for a labourer would have more of __________ rich foods.

(x) Potato remains unspoiled for a fairly long period and hence is a _______ food.

**2.** Justify the following statements giving examples : *5+5+5+5*

(a) Lactation makes considerable nutritional demands on the woman.

(b) Body-building foods are essential for school-going children.

(c) Complementary feeding is essential around 6 months of age.

(d) A relationship between nutritional status and infection exists.

3. (a) You are asked to review a school canteen for its performance and future expansion. Explain the process of review you will undertake. *10*

(b) Define the term 'Budget'. Discuss the factors that will influence a family food budget. *5*

(c) Explain briefly the principles of food preservation, citing suitable examples. *5*

4. (a) Enumerate the factors affecting energy requirements of an adult man. Give the energy requirements of sedentary, moderate and heavy working men. *10*

(b) State the dietary considerations to be kept in mind while planning meals for infants. *6*

(c) What is adolescence ? Describe the characteristics of adolescence. *4*

5. Describe the objectives, target group and the services provided under the following national nutrition programmes :

(a) National Nutritional Anaemia Control Programme *7*

(b) ICDS Programme *7*

(c) National Prophylaxis Programme for Prevention of Nutritional Blindness *6*

6. (a) Differentiate between the following : *6*

(i) Fat-soluble and Water-soluble vitamins

(ii) Essential and Non-essential amino-acids

(iii) Saturated fatty acids and Unsaturated fatty acids

(b) Define the terms food, nutrient, nutrition and health. Discuss the relationship between food, health and disease. *6*

(c) Describe the process of digestion, absorption and utilisation of carbohydrates in the body. *8*

7. Explain the dietary management of the following disorders :

(a) Diabetes mellitus *8*

(b) Hypertension *6*

(c) Diarrhoea *6*

8. Write short notes on any ***four*** of the following : *5+5+5+5*

(a) Prevention of PEM in a community

(b) Ariboflavinosis

(c) Dietary surveys

(d) Growth monitoring

(e) Record maintenance in a Food Service Establishment

(f) Points to be kept in mind while selecting fruits and vegetables

# स्नातक उपाधि कार्यक्रम (बी.डी.पी.)

## सत्रांत परीक्षा

## दिसम्बर, 2014

## (व्यवहारमूलक कार्यक्रम)

## ए.एन.सी.-01 : समुदाय के लिए पोषण

*समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 100*

***नोट :*** *प्रश्न सं. 1* ***अनिवार्य*** *है । कुल* ***पाँच*** *प्रश्न कीजिए । सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।*

---

**1.** (क) निम्नलिखित प्रत्येक को 2 – 3 वाक्यों में स्पष्ट कीजिए : *10*

(i) एन्ज़ाइम

(ii) कोशिकाबाह्य द्रव्य

(iii) भारतीय सन्दर्भ महिला

(iv) जिलेटिनन

(v) कलायखंज

(ख) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : 10

(i) पोषणज अन्धता की रोकथाम के लिए राष्ट्रीय रोग-निरोधक कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रदान की जाने वाली विटामिन A की बड़ी ख़ुराक ____________ आई.यू. प्रति बच्चा है ।

(ii) बाँह के मध्य भाग की _________ सेमी से कम परिधि गम्भीर कुपोषण की द्योतक है ।

(iii) _________ एक कानूनी व्यवस्था (प्रावधान) है जिसके अन्तर्गत व्यक्ति अपना ऋण न चुका पाने की स्थिति में अपनी वस्तुओं या सम्पत्ति पर अपने अधिकार को छोड़ देने का वादा करता है ।

(iv) उबलते हुए पानी में कुछ सेकण्ड से दो मिनटों तक डुबोकर आंशिक रूप से पकाना __________ कहलाता है ।

(v) __________ वह प्रक्रिया है जिसमें पोषक तत्त्व आँत से रक्त में आ जाते हैं ।

(vi) प्रोटीन का मुख्य कार्य है ___________ ।

(vii) __________ कोलेस्टेरॉल का प्रचुर स्रोत है ।

(viii) विटामिन K __________ के निर्माण में मदद करता है, जो रक्त के जमने (थक्के बनने) के लिए अनिवार्य है ।

(ix) एक मज़दूर (श्रमिक) के आहार-नियोजन में __________ प्रचुर खाद्य पदार्थ अपेक्षाकृत ज़्यादा होंगे ।

(x) आलू क़ाफी समय तक ख़राब नहीं होता अत: यह एक __________ खाद्य पदार्थ है ।

**2.** उदाहरण देते हुए निम्नलिखित कथनों की पुष्टि कीजिए : *5+5+5+5*

(क) स्तनपान कराने के दौरान महिला की पोषणात्मक माँगें क़ाफी बढ़ जाती हैं ।

(ख) स्कूलगामी बच्चों के लिए शरीर का निर्माण करने वाले खाद्य पदार्थ अनिवार्य हैं ।

(ग) 6 माह की आयु के आस-पास पूरक आहार अनिवार्य होता है ।

(घ) पोषणात्मक स्तर और संक्रमण के बीच सम्बन्ध होता है ।

3. (क) आपको स्कूल कैंटीन के निष्पादन और भविष्य में प्रसार के लिए उसकी समीक्षा करने के लिए कहा जाता है । समझाइए कि आपकी समीक्षा प्रक्रिया क्या होगी । *10*

(ख) 'बजट' शब्द को परिभाषित कीजिए । परिवार के भोजन के बजट को प्रभावित करने वाले कारकों की चर्चा कीजिए । *5*

(ग) उपयुक्त उदाहरण देते हुए खाद्य परिरक्षण के सिद्धान्तों की संक्षेप में व्याख्या कीजिए । *5*

4. (क) एक वयस्क पुरुष की ऊर्जा आवश्यकताओं को प्रभावित करने वाले कारकों का वर्णन कीजिए । अल्प श्रम, सामान्य श्रम और अत्यधिक श्रम करने वाले पुरुषों की ऊर्जा आवश्यकताएँ बताइए । *10*

(ख) शिशुओं के लिए आहारों की योजना बनाते समय आहार सम्बन्धी किन बातों को आप ध्यान में रखेंगे, बताइए । *6*

(ग) किशोरावस्था से क्या अभिप्राय है ? किशोरावस्था की विशेषताओं का वर्णन कीजिए । *4*

5. निम्नलिखित राष्ट्रीय पोषण कार्यक्रमों के उद्देश्य, लक्ष्य समूह और प्रदत्त सेवाओं का वर्णन कीजिए :

(क) राष्ट्रीय पोषणज एनीमिया नियंत्रण कार्यक्रम *7*

(ख) आई.सी.डी.एस. कार्यक्रम *7*

(ग) पोषणात्मक अन्धता की रोकथाम के लिए राष्ट्रीय रोग-निरोधक कार्यक्रम *6*

6. (क) निम्नलिखित के बीच अन्तर बताइए : 6

(i) वसा-विलेय और जल-विलेय विटामिन

(ii) अनिवार्य और ग़ैर-अनिवार्य ऐमीनो अम्ल

(iii) संतृप्त वसा अम्ल और असंतृप्त वसा अम्ल

(ख) भोजन, पोषक तत्त्व, पोषण और स्वास्थ्य शब्दों को परिभाषित कीजिए । भोजन, स्वास्थ्य और रोग के बीच सम्बन्ध की चर्चा कीजिए । 6

(ग) शरीर में कार्बोहाइड्रेट्स (कार्बोज़) के पाचन, अवशोषण और उपयोग की प्रक्रिया का वर्णन कीजिए । 8

7. निम्नलिखित विसंगतियों की आहार-व्यवस्था की व्याख्या कीजिए :

(क) मधुमेह 8

(ख) उच्च रक्त-चाप 6

(ग) अतिसार 6

8. निम्नलिखित में से किन्हीं ***चार*** पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए : *5+5+5+5*

(क) समुदाय में पी.ई.एम. की रोकथाम

(ख) राइबोफ्लेविन-हीनता

(ग) आहार सर्वेक्षण

(घ) वृद्धि अनुवीक्षण

(ङ) भोजन परिवेषण संस्था में रिकार्ड रखना

(च) फलों व सब्ज़ियों का चयन करते समय ध्यान रखने योग्य बातें